# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: 8th (3rd Lang) | Department: Hindi | Date: |
|---|---|---|
| Q. Bank& Grammar | **Topic:** पुष्प की अभिलाषा **(कविता)**पर्यायवाची, विलोम, लिंग, वाक्यांश | **Note: Pls. write in your Hindi note book** |

## अति लघु प्रश्न

प्र 1- कविता के कवि का नाम लिखिए।

**उत्तर-** कविता के कवि का नाम **माखनलाल चतुर्वेदी** है।

प्र 2- यह कविता किस पाठ्यपुस्तक से ली गई है?

**उत्तर-** यह कविता **मधुकिरण** (भाग 7) पाठ्यपुस्तक से ली गई है।

प्र 3- इस कविता का नाम (शीर्षक) क्या है?

**उत्तर-** इस कविता का नाम **पुष्प की अभिलाषा** है।

प्र 4- पुष्प ने कहाँ-कहाँ नहीं चढ़ने की इच्छा व्यक्त की है?

**उत्तर-**पुष्प ने सम्राटों के शव पर और देवों के सिर पर नहीं चढ़ने की इच्छा व्यक्त की है।

## लघु प्रश्न

प्र 1- देवों के सिर पर चढ़ने के बाद पुष्प के कौन से भाव व्यक्त होते हैं?

**उत्तर-** देवों के सिर पर चढ़ने के बाद पुष्प के अपने भाग्य पर घमण्ड न करनेवाले भाव व्यक्त होते हैं।

प्र 2- पुष्प अपनी राष्ट्रीय भावना किस प्रकार व्यक्त करना चाहता है?

**उत्तर-** पुष्प वीरों के मार्ग में गिरकर (पड़े रहते हुए) अपनी राष्ट्रीय भावना को व्यक्त करता है।

प्र 3- पुष्प की अभिलाषा क्या है?

उत्तर - पुष्प की अभिलाषा यह है कि वह मातृभूमि पर शीश चढ़ाने वाले वीरों के पथ पर फेंक दिया जाए |

## दीर्घ प्रश्न

प्र 1- पुष्प वनमाली से क्या कह रहा है और क्यों?

**उत्तर-** पुष्प वनमाली से कहता है कि वह उसे तोड़ ले और उस पथ पर फेंक दे, जहाँ से मातृभूमि की रक्षा करने अनेक वीर गुजरते हैं। वह इसलिए कहता है कि क्योंकि उसके मन में राष्ट्र के प्रति बहुत गहरा लगाव है| वह अपने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य पूरा करना चाहता है|

प्र 2- पुष्प सम्राटों के शव पर या फिर देवों के सिर पर न चढ़ने की बात क्यों करता है?

**उत्तर-** पुष्प सम्राटों के शव पर या फिर देवों के सिर पर न चढ़ने की बात करता है क्योंकि उसे अपने सौभाग्य की परवाह नहीं है| वहाँ पर चढ़कर उसका जीवन सार्थक नहीं होगा| उसके लिए तो अपने देश का मान-सम्मान सबसे ऊपर है| इसलिए मातृभूमि की रक्षा करने वाले वीरों के रास्ते में पड़कर उसका जीवन धन्य-धन्य हो जाएगा|

## व्याकरण भाग

### पर्यायवाची शब्द

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पुष्प - | फूल, सुमन |
| 2 | अभिलाषा - | चाह, इच्छा |
| 3 | गहना - | आभूषण, अलंकार |
| 4 | सम्राट - | राजा, नरेश |
| 5 | हरि - | ईश्वर, परमात्मा |
| 6 | सिर - | शीश, मस्तक |
| 7 | पथ - | राह, रास्ता |
| 8 | वीर - | शूर, बहादुर |

### विलोम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | चढ़ना | X | उतरना |
| 2 | भाग्य | X | दुर्भाग्य |
| 3 | देव | X | दानव |
| 4 | वीर | X | कायर |
| 5 | अपना | X | पराया |
| 6 | सफल | X | असफल |
| 7 | राजा | X | रंक |

8 आगमन X प्रस्थान

**लिंग परिवर्तन**

1 वीर - वीरांगना

2 प्रेमी - प्रेमिका

3 देव - देवी

4 माली - मालिन

5 सम्राट - सम्राज्ञी

6 नाना - नानी

7 स्वामी - स्वामिनी

8 अध्यापक - अध्यापिका

**वाक्य में लिंग परिवर्तन**

1- स्वामी जी कहानी पढ़ रहे हैं |

उ- स्वामिनी जी कहानी पढ़ रही हैं |

2- बाग का माली कामचोर नहीं है |

उ- बाग की मालिन कामचोर नहीं है |

**वाक्यांश**

1 सबसे आगे रहने वाला - अग्रणी

2 जो अपनी बात से टले नहीं - अटल

3 जो कभी न मरता हो - अमर

4 ऊपर कहा हुआ - उपर्युक्त

5 जो जीता न जा सके - अजेय

6 जिसका अंत न हो - अनंत

7 जिसकी सीमा न हो - असीम

8 कम जानने वाला - अल्पज्ञ

---000---